


# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 4 | अंक 14 | अप्रैल-जून 2013

### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

वित्तीय वर्ष 2012-13 लामडिंग मंडल के लिए संघर्षपूर्ण तथा उपलब्धियों से भरा वर्ष रहा। अनेक चुनौतियों के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मुख्यालय मालीगॉव में आयोजित रेल सप्ताह के दौरान मंडल को 10 (दस) दक्षता शील्ड प्राप्त हुए। संरक्षा, सुरक्षा और समय-पालन हमारी प्राथमिकताएं हैं साथ ही रेल की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना भी हमारा ध्येय है। अप्रैल, 2013 के दौरान 8 (आठ) चुनाव स्पेशल गाड़ियाँ चलाई गई जिससे मंडल को ₹3.04 करोड़ का अतिरिक्त अर्जन हुआ। क्षेत्र की जनता, सड़क प्रयोक्ताओं तथा स्कूली बच्चों को समपार फाटकों पर घटने वाली दुर्घटनाओं तथा इससे बचने के विविध उपायों/जानकारियों से जागरूक करने के लिए पूरे मंडल में संरक्षा जागरूकता पैम्फलेट बंटवाए गए। साथ ही रोड-शो का भी आयोजन किया गया। जमुनामुख-जुगीजान के मध्य पुल सं. 124 के पुनर्निर्माण तथा शुभारंभ किए जाने के फलस्वरूप सेक्शन में अब गाड़ियाँ 100 कि.मी. प्रति घंटा की गति से चलाई जा रही हैं। कामाख्या से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए पूर्ण वातानुकूलित गाड़ी का शुभारंभ कर यात्री सुविधाओं में विस्तार लाने का प्रयास किया गया है। माननीय मुख्य मंत्री, त्रिपुरा के साथ विभिन्न मदों पर विचार-विमर्श कर मीटर लाइन सेक्शन में भी यात्रियों की सुविधा में विस्तार लाने का प्रयास किया जा रहा है।

हमारे सम्मानित ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान में राजभाषा की भूमिका काफी सराहनीय है। 'लामडिंग दर्पण' का नियमित प्रकाशन इस दिशा में एक सफल प्रयास है। इससे न केवल कर्मचारियों का राजभाषा के प्रति रूचि बढ़ती है बल्कि राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित कर संवैधानिक जिम्मेवारी निभाने और लक्ष्य को हासिल करने में मदद भी मिलती है। मैं 'लामडिंग दर्पण' के सतत् प्रकाशन की कामना करता हूँ।

**मंडल रेल प्रबंधक** ▪

### अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से.....

मंडल में सौहार्दपूर्ण वातावरण तैयार कर रेल के चौतरफा विकास में रेल कर्मचारियों के संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। भारतीय रेल में सभी कोटि के अराजपत्रित कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले पंजीकृत रेलवे ट्रेड यूनियन को मान्यता प्रदान करने हेतु मंडल में आयोजित सेक्रेट बैलट शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाने में मंडल के अधिकारियों/ कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा। इसके लिए सभी को साधुवाद। सशक्त भाषा राष्ट्र के विकास में सहायक सिद्ध होती है। राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में नई-नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है लेकिन एक सच्चे कर्मयोगी की तरह हमें लक्ष्य को ध्यान में रखकर हमेशा आगे बढ़ते रहना है। हमें सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर अपनी कार्यक्षमता और अच्छे सोच को कार्य के प्रति समर्पित कर सुनियोजित ढंग से क्रियान्वित करना है। कंप्यूटर हमारे जीवन का अटूट अंग बन चुका है। अतः कंप्यूटर पर राजभाषा में कामकाज बढ़ाकर हम अपने लक्ष्य को हासिल करने में अवश्य सफल होंगे।

**अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी**

### कामाख्या-लोकमान्य तिलक (टी) मुंबई वातानुकूलित एक्सप्रेस साप्ताहिक रेलगाड़ी का शुभारंभ

18 अप्रैल 2013 को कामाख्या स्टेशन पर आयोजित रंगा-रंग कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री, असम, श्री तरूण गोगोई ने पूर्ण वातानुकूलित 12520/ 12519 कामाख्या-लोकमान्य तिलक (टी) मुंबई वातानुकूलित एक्सप्रेस (साप्ताहिक) को कामाख्या स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर माननीय सांसद श्री विश्वजीत दैमारी, श्री पंकज बोरा एवं विधायक श्री हेमन्त तालुकदार सहित अन्य प्रतिष्ठित मेहमानों, प्रतिनिधियों तथा प्रेस-मीडिया ने समारोह की शोभा बढ़ाई।




माननीय मुख्यमंत्री, असम, श्री तरूण गोगोई के करकमलों से कामाख्या स्टेशन पर कामाख्या-लोकमान्य तिलक (टी) मुंबई वातानुकूलित एक्सप्रेस (साप्ताहिक) को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का दृश्य।

### 58वॉ रेल सप्ताह समारोह

मंडल में 58वॉ रेल सप्ताह समारोह 13 अप्रैल 2013 को स्थानीय रेलवे इंस्टीच्यूट, लामडिंग में एक रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ।



दीप प्रज्ज्वलित कर 58वॉ रेल सप्ताह समारोह का उद्घाटन तथा समारोह को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल



पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अन्तःकरण को उज्ज्वल करती है।

▪ महात्मा गांधी

वर्ष 4 अंक 14 अप्रैल-जून 2013

## सांस्कृतिक कार्यक्रम-पुरस्कार वितरण

वर्ष 2012-13 के दौरान मंडल में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के कुल 148 कार्मिकों को एकल नकद पुरस्कार एवं योग्यता प्रमाण-पत्र तथा 41 सामूहिक पुरस्कार एवं योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



58वॉ रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान करते हुए श्री राकेश गोयल, मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मंगलगान, सामूहिक नृत्य, कौव्वाली, गज़ल तथा भजन आदि प्रस्तुत किए गए। समारोह के दौरान प्रस्तुत उक्त सभी कार्यक्रम दर्शकों के लिए आकर्षक, मनभावन, प्रेरणादायक एवं मनोरंजन प्रधान थे।




58वॉ रेल सप्ताह समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का एक दृश्य।

## क्षेत्रीय दक्षता शील्ड - मंडल की उपलब्धियां

क्षेत्रीय मुख्यालय मालीगॉव के रंगभवन में संपन्न 58वॉ क्षेत्रीय रेल सप्ताह समारोह 2013 में लामडिंग मंडल को विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए दक्षता शील्ड प्राप्त हुए। बेस्ट यॉत्रिक दक्षता शील्ड, एन. एन. बोरा लोको पायलट मेमोरियल बेस्टकेप्ट रनिंग रूम दक्षता शील्ड/न्यू गुवाहाटी, बेस्टकेप्ट वैगन डिपो दक्षता शील्ड/न्यू गुवाहाटी, बेस्टकेप्ट डीजल शेड दक्षता शील्ड/न्यू गुवाहाटी(संयुक्त), बेस्टकेप्ट चिकित्सालय दक्षता शील्ड/लामडिंग, बेस्टकेप्ट भूमि प्रबंधन दक्षता शील्ड/ लामडिंग(संयुक्त), बेस्टकेप्ट भंडार दक्षता शील्ड/डीजल भंडार लामडिंग, बेस्टकेप्ट जलापूर्ति दक्षता शील्ड (लामडिंग एवं मालीगॉव), बेस्टकेप्ट गाड़ी दीपन/ए.सी डिपो दक्षता शील्ड /गुवाहाटी सहित क्षेत्रीय स्तर पर बेस्ट मीटर गेज प्रचालन दक्षता प्रमाण-पत्र जिसमें 15 कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कार तथा 4 ग्रुप को सामूहिक पुरस्कार से नवादा गया।

## 'विज्ञान एवं जैव विविधता स्पेशल' प्रदर्शनी रेलगाड़ी

जैव विविधता पर आधारित वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास पर प्रकाश डालने वाली 'विज्ञान एवं जैव विविधता स्पेशल' प्रदर्शनी रेलगाड़ी 31 मई 2013 से 2 जून 2013 तक लामडिंग स्टेशन पर प्रदर्शनी के लिए रखी गई। मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, श्री राकेश गोयल के कर कमलों से इस रेलगाड़ी को प्रदर्शनी के लिए शुभारंभ किया गया। इस गाड़ी को 7 और 8 जून 2013 को डिमापुर स्टेशन में प्रदर्शनी के लिए रखा गया। लामडिंग तथा डिमापुर में क्रमशः 24996 तथा 11325 छात्र, शिक्षक तथा स्थानीय जनता ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर वैज्ञानिक एवं तकनीकी विषयों की विविध जानकारियॉ प्राप्त की।



विज्ञान एवं जैव विविधता स्पेशल प्रदर्शनी रेलगाड़ी का दृश्य।

## लामडिंग मंडल का सेक्रेट बैलट 2013

रेलवे बोर्ड के दिशा-निदेशों के अनुसार भारतीय रेल में सभी कोटि के अराजपत्रित कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले पंजीकृत रेल ट्रेड यूनियन को मान्यता देने के लिए लामडिंग मंडल के कुल 23 बूथों पर 25, 26 और 27 अप्रैल 2013 को सेक्रेट बैलट चुनाव का आयोजन किया गया। श्री सतीश कोठारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग इसके प्रिजाइडिंग अधिकारी तथा श्री जे.सी. दास, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/लामडिंग इसके सहायक प्रिजाइडिंग अधिकारी थे जिन्होंने सेक्रेट बैलट चुनाव के दौरान पर्यवेक्षण के साथ-साथ बहुविध कर्तव्यों का निष्पादन किया।




सेक्रेट बैलट की गिनती का दृश्य।

## मेंबर इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड का दौरा

मेंबर इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड, श्री एस.के.जैन ने 14 मई 2013 को मंडल के गुवाहाटी स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 15 मई 2013 को पू. सी. रेल के मुख्यालय मालीगॉव में आयोजित बैठक को भी संबोधित किया।

## आतंकवाद विरोधी दिवस का पालन

मंडल में 21 मई 2013 को आतंकवाद विरोधी दिवस का पालन किया गया। इस अवसर पर मंडल मुख्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालय भवन के सम्मुख 11.00 बजे हिंसा और आतंकवाद से दूर रहने का शपथ लिया।



आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण का दृश्य।

## मंडल का अर्जन

**यात्री अर्जनः** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में अप्रैल-जून 2013 के दौरान यात्रियों की संख्या में 193324 की वृद्धि होने के फलस्वरूप गत वर्ष के ₹ 92.32 करोड़ की तुलना में ₹ 113.48 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ₹ 21.16 करोड़ की वृद्धि हुई है।

**माल अर्जन :** मंडल में कोयला, खनिज तेल आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। अप्रैल-जून 2013 के दौरान माल अर्जन से कुल ₹ 32.38 करोड़ की प्राप्ति हुई।

**अन्य कोचिंग अर्जन :** गत वर्ष की समान अवधि की ₹ 14.55 करोड़ की तुलना में अप्रैल-जून 2013 में ₹ 15.66 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार अन्य कोचिंग अर्जन में कुल ₹ 1.11 करोड़ की वृद्धि हुई।

**अन्य विविध अर्जन :** गत वर्ष की समान अवधि की ₹ 4.37 करोड़ की तुलना में अप्रैल-जून 2013 में ₹ 9.20 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध अर्जन में कुल ₹ 4.83 करोड़ की वृद्धि हुई।

## सवारी एवं माल डिब्बों के अनुरक्षण पर सेमिनार

14 जून 2013 को मंडल के सभाकक्ष में मीटर लाइन के सवारी एवं माल डिब्बों के अनुरक्षण पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल ने सवारी एवं माल डिब्बों के अनुरक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निदेश दिए।



14 जून 2013 को मंडल के सभा कक्ष में आयोजित सेमिनार का दृश्य

## ब्रिज का पुनर्निर्माण तथा शुभारंभ

जमुनामुख और जुगीजान के मध्य कि.मी. 131/2 -131/3 पर ब्रिज सं. 124 का पुनर्निर्माण तथा शुभारंभ किया गया जिससे सेक्शन में 100 कि.मी. के गति को बरकरार रखने में कामयाबी हासिल हो सकी। साथ ही 2 मिनट के समय की बचत भी होती है।




जमुनामुख और जुगीजान के मध्य कि.मी. 131/2 -131/3 पर पुनर्निर्मित ब्रिज सं. 124 का दृश्य।

## अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस का पालन

समपार फाटकों पर संरक्षापूर्वक काम करने के उद्देश्य से 7 मई 2013 को अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस का पालन किया गया। एक सप्ताह के कार्यक्रम में मंडल में समपार फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाओं तथा इन पर बरती जाने वाली सावधानी के संबंध में रेल कर्मचारियों, यात्रियों और क्षेत्र की जनता को जागरूक किया गया।




अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के पालन का दृश्य।

## माल परिवहन

**बी.जी. लदान :** अप्रैल-जून 2013 की अवधि के दौरान औसत प्रतिदिन बी.जी. वैगनों का लदान 39.4 बी.जी. वैगन रहा।

**एम.जी. लदान :** पिछले वर्ष की समान अवधि की 45.5 एम.जी. वैगन औसत प्रतिदिन लदान की तुलना में जून 2013 तक औसत प्रतिदिन का लदान 47.8 एम.जी. वैगन रहा।

**यानांतरण :** पिछले वर्ष की समान अवधि की औसत प्रतिदिन 45.9 वैगन बी.जी. से एम.जी. में यानांतरण की तुलना में जून 2013 तक औसत प्रतिदिन यानांतरण 42.27 वैगन तथा एम.जी. से बी.जी. में 3.6 की तुलना में 4.5 वैगन रहा।

**हिल थ्रू पुट :** पिछले वर्ष की समान अवधि की 112.7 और 113.2 वैगन की तुलना में जून 2013 तक अप एवं डाउन दिशाओं में हिल थ्रू पुट क्रमशः 112.5 और 112.8 वैगन रहा।

## राजभाषा की गतिविधियाँ

### रेलवे बोर्ड का व्यक्तिगत नकद पुरस्कार

वर्ष 2011 के दौरान सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक व प्रशंसनीय प्रयोग करने के लिए रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय में कार्यरत श्री सुरेश कुमार राउत, कनिष्ठ लिपिक को पुरस्कार और प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



श्री सुरेश कुमार राउत, कनिष्ठ लिपिक/वाणिज्य को रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत पुरस्कार/प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए श्री सतीश कोठारी, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी।

### हिंदी कार्यशाला

हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों को हिंदी में काम करने की झिझक को दूर करने के लिए मंडल मुख्यालय तथा बाहर स्थित कार्यालयों/स्टेशनों में प्रति वर्ष हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। इस अवधि में कुल 3 हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन कर 68 कर्मचारियों को दैनिक सरकारी कामकाज के विविध विषयों में हिंदी के प्रयोग से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान दिलवाया गया।



9 मई 2013 को न्यू गुवाहाटी/डीजल शेड में आयोजित हिंदी कार्यशाला के आयोजन का दृश्य।

मई/2013 सत्र में लामडिंग, बदरपुर, अगरतला तथा गुवाहाटी क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों से हिंदी प्रवीण एवं प्राज्ञ परीक्षाओं में कुल 54 कर्मचारियों को हिंदी भाषा में प्रशिक्षित किया गया।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 122वीं जयंती

मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय परिसर में 17 अप्रैल 2013 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 122वीं जयंती का समारोह पूर्वक पालन किया गया। मंडल के अधिकारियों/ कर्मचारियों सहित हमारे संगठित यूनियनों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी इस महान नेता को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के122वीं जयंती के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल।

## कार्मिक कल्याण

मंडल में अप्रैल-जून 2013 की अवधि में समूह 'घ' में अनुकंपा के आधार पर 61 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवधि में अधिवर्षिता के आधार पर 79 तथा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के एकमात्र मामला का निपटान किया गया। इसके अलावा स्काउट एवं गाइड कोटा में 2 उम्मीदवार, खेलकूद कोटा में 11 उम्मीदवार तथा लारगिस (LARSGESS) योजना के तहत 25 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई।




मंडल मुख्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति की निपटारा बैठक का दृश्य।

## गाड़ी समय पालन

बीजी गाड़ियों का समय पालन पिछले वर्ष की समान अवधि के 90.65% की तुलना में अप्रैल-जून 2013 में 95.28% रहा जो कि गत वर्ष की तुलना में 5.10% अधिक है।

एमजी गाड़ियों का समय पालन पिछले वर्ष की समान अवधि के 45.01% की तुलना में अप्रैल-जून 2013 में 94.07% रहा जो कि गत वर्ष की तुलना में 108.99% अधिक है।

**संरक्षक**
राकेश गोयल
मंडल रेल प्रबंधक

**मुख्य संपादक**
सतीश कोठारी
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

**संपादन एवं सहयोग**
एस. पी. यादव
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी